संख्या–492 / XXIV(1) / 2005

प्रेषक,

डी.के. कोटिया,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

राज्य परियोजना निदेशक,
उत्तरांचल सभी के लिए शिक्षा परिषद,
देहरादून।

शिक्षा अनुभाग–1(बेसिक) देहरादून दिनांक 29, सितम्बर,2005

विषयः– **सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राज्य में "उत्तरांचल राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट)" की स्थापना हेतु पद सृजन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या –रा0प0नि0 /861/सीमेट/ 2005–06 दिनांक 4.8.2005 एवं पूर्व पत्रों के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सर्व शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत राज्य में "उत्तरांचल राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट)" की स्थापना की सहर्ष अनुमति प्रदान की जाती है।

2– "उत्तरांचल राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) की स्थापना हेतु ननूरखेड़ा, विकासखण्ड रायपुर, देहरादून में स्थायी व्यवस्था होने तक सीमेट अस्थायी रूप से देहरादून में किराए के भवन में स्थापित किया जायेगा।

राज्य परियोजना निदेशक, उत्तरांचल सभी के लिए शिक्षा परिषद, उत्तरांचल राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) के पदेन निदेशक होंगे।

सीमेट हेतु निम्नलिखित 18 पद सृजित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:–

क्र. स.	पद नाम	वेतनमान	पद की संख्या	नियुक्ति का प्रकार
1.	अपर निदेशक	रू0 14300–18300	01	प्रतिनियुक्ति
2.	विभागाध्यक्ष (नीति, योजना एवं प्रबन्ध)	रू0 12000–16500	01	प्रतिनियुक्ति
3.	विभागाध्यक्ष (शोध एवं मूल्यांकन)	रू0 12000–16500	01	प्रतिनियुक्ति
4.	वित्त अधिकारी	रू0 8000–13500	01	प्रतिनियुक्ति
5.	प्रोग्रामर	रू0 8000–13500	01	संविदा (पद के वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर अनुबन्ध करके)
6.	प्रोफेशनल	रू0 8000–13500	02	प्रतिनियुक्ति
7.	जूनियर प्रोफेशनल	रू0 6500–10500	02	प्रतिनियुक्ति
8.	लाइब्रेरियन	रू0 5500–9000	01	प्रतिनियुक्ति/संविदा (पद के वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर अनुबन्ध करके)
9.	कम्प्यूटर आपरेटर	रू0 3050–4500	02	प्रतिनियुक्ति/संविदा (पद के वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर अनुबन्ध करके)
10.	वरिष्ठ लिपिक/लेखाकार	रू0 4000–6000	01	प्रतिनियुक्ति
11.	स्टैनो	रू0 5000–8000	01	संविदा (पद के वेतनमान के न्यूनतम

				स्तर पर अनुबन्ध करके)
12.	हॉस्टल सुप्रिटेन्डेन्ट	रू0 5000–8000	01	प्रतिनियुक्ति / संविदा
13.	वाहन चालक	रू0 3050–4500	01	संविदा (पद के वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर अनुबन्ध करके)
14.	अनुसेवक	रू0 2550–3200	02	संविदा (पद के वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर अनुबन्ध करके)
	योग		18	

2– परियोजना अवधि में सीमेट अभिकर्मियों के वेतन के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किये जायेंगे।

3– सीमेट की स्थापना के बाद सर्व शिक्षा अभियान से संबंधित कार्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं शोध कार्य सीमेट से सम्पादित कराये जायेंगे।

4– उपरोक्त सृजित पदों के संबंध में भविष्य में वर्ष 2010 में पुनः पुनरीक्षण किया जायेगा।

5– सीमेट में धनराशि का व्यय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार स्वीकृत मदों पर ही किया जायेगा तथा नियमानुसार मितव्ययिता का ध्यान भी रखा जाएगा।

6– इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के अनुदान संख्या–11 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक –2202– सामान्य शिक्षा– आयोजनागत–01– प्रारम्भिक शिक्षा–800–अन्य व्यय –01–केन्द्रीय आयोजनागत / केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना–0104– सर्व शिक्षा अभियान (25 प्रतिशत राज्यांश) –20–सहायक अनुदान / अशंदान / राजसहायता के नामें डाला जायेगा।

7– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–108 / वित्त अनुभाग–4 / 2005 दिनांक 22.9.2005 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(डी.के. कोटिया)
सचिव।

संख्या व दिनांक तदैवः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तरांचल , देहरादून।
2– निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तरांचल।
3– कोषाधिकारी, देहरादून ।
4– राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून।
5– अपर सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, प्रारम्भिक शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6– वित्त अनुभाग–4 / नियोजन अनुभाग।
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नम्रता कुमार)
अपर सचिव।